तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026



12 उपभोक्ताओं को दी गई कानून से जुड़ी जानकारी





13 आज से चैत्र नवरात्र, सज गए माता के दरबार...







Agarwal's MN JEWEL Purity & Trust

हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

MAKING CHARGE 15% off* on 925 Silver Flat 6%* on Plain Gold Jewellery 100% Gold Exchange

LIGHT WEIGHT COLLECTION AND HALL MARK JWELLERY

आज प्रत्येक खरीदी पर निश्चित उपहार

पता: घड़ी चौक के बाजू, जी.ई. रोड, सुपेला-भिलाई. 78801 92230 - 31

* T&C Apply

Deepak Advts.


## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

### मशीन पाट्‌र्स चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वर्कशॉप से मशीनी सामान की चोरी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि चौकी जेवरा सिरसा स्थित ग्राम खपरी के एसजे ग्रुप स्टारएक्स मिनरल्स इंडिया के सहायक महाप्रबंधक ने मशीन पाट्‌र्स पार होने की शिकायत की थी। विवेचना में संदेही कर्मचारियों में कुसुम, जिला पूर्व वर्धमान (पश्चिम बंगाल) हाल निवास ठेलकाडीह निवासी आयोन कोनेर, सलिंदा मुर्शीदाबाद हाल निवास जेवरा सिरसा चंदन घोष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

## रिसाली निगम में अब तक नहीं सुलझा सफाई ठेका विवाद

# 33 वार्डों में जगह-जगह बन गए ट्रेंचिंग स्पॉट कचरे की बदबू से बेहाल होने लगी जनता



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

यह तस्वीर रिसाली निगम क्षेत्र के आजाद मार्केट स्टेशन मरोदा की है। इस मार्ग सबसे व्यततम मार्ग है और अलसुबह से देर रात तक लाखों लोगों की आवाजाही होती है। स्कूली बच्चे से लेकर आम जनता यहां से गुजर रही है। यह कोई कचरे का घोषित ट्रेंचिंग स्पॉट नहीं है लेकिन पिछले तीन दिनों में यह बन गया है। इसलिए कि रिसाली निगम में सफाई ठेका की अवधि एमआईसी ने बढ़ाई नहीं। निगम प्रशासन नगरीय विकास मंत्रालय से आदेश का इंतजार कर रही है। ऐसा हाल इस निगम के पूरे 33 वार्डों का है। वार्डों के मार्केट क्षेत्र और गलियों में जगह-जगह अघोषित ट्रेंचिंग स्पॉट बन गए है। नालियां बज-बजा रही है। सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। खास बात यह है कि हिन्दू नव वर्ष व मां देवी दुर्गे की पावन नवरात्र पर्व गुरुवार से ही शुरू हो रहा है। वार्डों में कई मंदिर है जो ऐसे ट्रेंचिंग स्पॉट से गुजरने के बाद ही वहां पहुंच पाएंगे। ऐसे में देवी-अराधना कैसे पवित्र तरीके से कोई कर पाएगा।

## वार्डों में कचरे से उठ रही बदबू

### 650 सफाई कर्मियों में 75 प्रतिशत महिलाएं

रिसाली निगम में जिस ठेका एजेंसी कार्य कर रही थी वहां 650 सफाई कर्मी रहे हैं। इसमें 75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जो पिछले तीन दिनों से बेरोजगार हो गए हैं और निगम की राजनीति में उनके घरों का चूल्हा जलना बंद हो गया है। हर दिन वे निगम का चक्कर इस उम्मीद में लगाती है कि आज कुछ उनके हक में फैसला हुआ होगा। लेकिन स्थिति जस की तस है। निगम की महापौर शशि सिन्हा इस बात पर अड़ी हुई है कि एमआईसी के संकल्प के हिसाब से निगम स्वयं सफाई कार्य को अपने हाथों में लेगी। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा नगरीय प्रशासन विकास मंत्रालय के आदेश वर्ष 2020 के हिसाब से निगम सफाई का कार्य किसी भी प्लेसमेंट कंपनी से करवा सकती है। निगम नहीं। विपक्षी पार्षद और एमआईसी के चार मेंबर के हिसाब से भी इसी आदेश के तहत सफाई कार्य होना चाहिए। तब तक वर्तमान ठेका एजेंसी का कार्यकाल बढ़ाकर इस वर्तमान समस्या हो सुलझाने का इंतजार कर रहे हैं।

### भाजपा पार्षद ने कचरा रिक्शा लेकर किया घरों से कचरा कलेक्शन



सफाई ठेका विवाद की वजह से घरों का कचरा लोग मोक्कड़ों या सड़क पर फेंक रहे हैं। हालात को देखते हुए भाजपा पार्षद धर्मेंद्र भगत ने स्वयं लोगों के घरों में जाकर कचरा कलेक्शन किया। उन्होने बताया कि वार्ड के लोगों के यहां तीन दिन से कचरा पड़ा हुआ है। लगातार वार्ड वासियो का फोन आ रहा है कचरा उठाने के लिए तो आज स्वयं ही सफाई गाड़ी ला कर घर -घर कचरा उठाने निकल पड़ा। प्रयास किया कि बाहर कचरा ना फेंका जाये। पार्षद भगत ने कहा है कि महापौर ने पूर्व की सरकार में सारे नियमों को ताक में रखकर एक ठेकेदार को दो वर्ष तक सफाई ठेका लगातार बढ़ा कर चलाने दिया क्योंकि कमीशन मिल रहा था। मगर अब कमीशन नहीं मिल रहा तो सुर बदल गए हैं। रिसाली निगम की सफाई व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

### भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सौंपा पत्र

भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने सफाई की मौजूदाहालात पर मंथन किया। सभापति केशव बंछोर और नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ने पार्षदों के समक्ष अपनी राय रखी।उसके बाद निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त एक पत्र सौंपा। इस पत्र में 25 से ज्यादा पार्षदों के हस्ताक्षर है। जिसमें सफाई व्यवस्था को वैकल्पिक रूप से बहाल करने की मांग रखी है। पार्षदों ने कहा है कि वार्डों में सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप्प है। शहर के नालियों की सफाई और सड़क पर झाड़ू लगाने का कार्य से लेकर घरों से कचरा कलेक्शन तक बंद है। हिन्दू नववर्ष की शुरूआत और चैत्र नवरात्र पर्व का आगमन हो रहा है। यह पर्व हिन्दु धर्म के आस्था का प्रतीक है। ऐसी स्थिति में निगम क्षेत्र के 33 वार्ड में सफाई नहीं होने से नागरिको की धार्मिक भावना को पूर्ण करने में असहज महसूस कर रहें है।इसलिए हम निर्वाचित जन प्रतिनिधि आपसे आग्रह करते हैं कि वैकल्पिक सफाई व्यवस्था शुरू करने का मार्ग प्रशस्त करें।

### दो दिन तक स्वयं से देंगे सेवाएं

हिन्दू नववर्ष और नवरात्र पर्व गुरुवार से शुरू हो रहा है। रिसाली निगम के पार्षदों ने मुझे फोन पर कहा है कि पर्व को देखते हुए वार्डों में सफाई व्यवस्था करवा लें। निगम प्रशासन को भी इस संबंध में पत्र सौंपने की जानकारी भी मुझे दी है। मैं स्वयं से दो दिन तक बिना भुगतान के सेवाएं देने के लिए तैयार हूं। फिर भी मुझे निगम प्रशासन की अनुमति मिलती है तो कार्य संपादित करने में खुशी महसूस होगी। - **जहीर खान,** प्रमुख, एल्मेक सफाई ठेका एजेंसी

# नर्सिंग होम एक्ट की गाइडलाइन का उल्लंघन, 5 नर्सिंग होम सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में लंबे समय से नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करते हुए नर्सिंग होम के संचालन की शिकायत को देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पिछले दिनों जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने नर्सिंग होम अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत तथा आयुष्मान योजना के अंतर्गत इनपेनल्ड सभी निजी अस्पतालों की जांच कराई।

एक माह के भीतर भौतिक निरीक्षण कर यथा निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। 4 टीमों ने यह जांच की। प्रत्येक टीम में स्थानीय नगरीय निकाय, जिला आयुष कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य शामिल थे। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार जिले में संचालित 124 निजी अस्पतालों के निरीक्षण उपरांत टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुरूप 48 अस्पतालों में कमी पाई गई, जिसके लिए 48 अस्पतालों को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 के तहत स्पष्टीकरण 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। जवाब के आधार पर इन अस्पतालों में फिर से जांच की गई। इसमें पांच हॉस्पिटल में सुधार देखने को नहीं मिला, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

### सीएमएचओ ने इन हॉस्पिटल पर की कार्रवाई

सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने 5 निजी अस्पतालों में पाई गई कमियों की पूर्ति नहीं करने पर निलंबन की कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 की अनुसूची 1 का भाग ङ (अस्पताल एवं नर्सिंग होम) के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इसमें दाउजी मेमोरियल हॉस्पिटल जामगांव आर पाटन, प्राची हॉस्पिटल पुलगांव, जीवन ज्योति हॉस्पिटल जामुल, आईएमआई हॉस्पिटल न्यू खुर्सीपार, आशीर्वाद नर्सिंग होम जीई रोड भिलाई का नर्सिंग होम एक्ट के तहत प्रदत्त लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

### लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** निगम क्षेत्र में सफाई कार्य में लापरवाही के कारण प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निलंबित कर दिया है। एक दिन पहले वार्डों के पार्षदों ने समान्य सभा में इस विषय को रखा था। इसके बाद आयुक्त ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा। जवाब में सुपरवाइजरों ने आयुक्त को अवगत कराया गया कि दरोगा के मार्गदर्शन में काम किया जा रहा है। इस जवाब के आधार पर आयुक्त ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को निलंबित कर दिया है। बता दें कि सफाई की लचर व्यवस्था और शहर के आउटर में कचरा डंप करने के साथ उसे जलाए जाने को लेकर पार्षदों ने समान्य सभा में जमकर हंगामा किया था। इसके बाद आयुक्त ने यह कार्रवाई की।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, सात घायल

- लिटिया सेमरिया चौकी क्षेत्र की घटना, चार बाइकों को चपेट में लिया



**भिलाई।** सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार चालक की लापरवाही के कारण चार बाइकों की टक्कर हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवकों की हालत गंभीर है। बोरी पुलिस ने बताया कि कार सीजी 04 केएस 1712 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए। चार बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक का नाम जगमोहन यादव उर्फ जग्गू है। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पाल पहुंचाया गया। उपचरा के बाद बुधवार को अस्पताल में जग्गू ने दम तोड़ दिया। घटना ग्राम सेवती बोरी थाना क्षेत्र का है। गांव के पास हर्री स्थित राइस मिल के सामने घटना हुई। सभी युवक अपने काम से घर लौट रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने बाइको को टक्कर मार दी। घायलों में प्रहलाद यादव 19 वर्ष, संस्कार भारती 15 वर्ष, माही यादव 14 वर्ष, मोहित भारती 17 वर्ष, करण यादव 16 वर्ष, चेतन यादव 17 वर्ष, हिमांशु मरैया 16 वर्ष है। इनमें से भी दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। ग्रामीणों के मुताबिक चालक ने कार का नियंत्रण खो दिया। यह बड़ा हादसा होना बताया गया है। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई बाइक दूर तक घिसट गईं। युवक सड़क पर गिरते चले गए। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, 2154 पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों को रोकने और कमी लाने के लिए इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से लगातार चेकिंग किया जा रहा है। इंटरसेप्टर वाहन में 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा, स्पीड मापन यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं ई-चालान मशीन उपलब्ध है।

ओवर स्पीड, नशे में वाहन चलाना, प्रेशर हार्न, ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट का उपयोग न करना, नो पार्किंग जैसे नियम उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने 75 दिनों में कुल 2154 लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 18.29 लाख रुपये समंस शुल्क वसूल किया गया है।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


## मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण गैस की सप्लाई प्रभावित

# दस्तावेज नहीं मिलने से 599 सिलेंडर किए जब्त

- पापुशा गैस के रसमड़ा सेंटर में खाद्य विभाग की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण को निर्बाध रूप से बनाये रखने के लिए जिले में निरंतर छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को खाद्य विभाग टीम ने रसमड़ा के बोरई इंडसट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित पापुशा गैसेस की जांच की।सेंटर में कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा 2 ब्रांडों गो गैस एवं गैस प्वाइंट के नाम से गैस सिलेंडरों की सप्लाई डीलर के माध्यम से की जाती है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भिन्न समानांतर विपणन प्रणाली के रूप में पापुशा गैसेस तथा कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड कार्य किया जाना पाया गया। फर्म की जांच में कुल 599 गैस सिलेंडर पाए गए। गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग के लिए 3 बुलेट भी पाए गए, जिसमें 2841 किग्रा एलपीजी भंडारित होना पाया गया। जांच के समय फर्म में विभिन्न सिलेंडरों में पेंटिंग का काम किया जा रहा था। सिलेंडरों के नेट वेट, टेयर वेट तथा सिलेंडरों की एक्सपायरी डेट अंकित की जा रही थी। कार्य से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। फर्म के द्वारा प्रस्तुत स्टाक पंजी तथा भौतिक सत्यापन में अंतर पाया गया। न फर्म के मैनेजर ने जानकारी दी। वे यह भी नहीं बता पाए कि अतुल रबर को डीलर के रूप में उनके द्वारा सप्लाई की जाती है। उक्त डीलर के वैधता अथवा करार किये जाने आदि के संबंध में कोई भी दस्तावेज नही दिया गया।



### शिकायत मिलने के बाद पहुंची थी जांच के लिए टीम

इस प्रकार पापुशा गैस तथा कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड ने एलपीजी (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की विभिन्न कंडिकाओं जैसे एलपीजी के विक्रय का अप्राधिकृत कारोबार करने, एलपीजी उपस्करों के कब्जा, कार्यस्थल पर स्टाक और कीमत को प्रदर्शित नहीं करने, रजिस्टर का सही लेखा नहीं रखने, रेटिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करना आदि का उल्लंघन पाये जाने पर 599 नग गैस सिलेंडर तथा 2841 किग्रा एलपीजी जब्त किया गया।

### सूने मकान का ताला टूटा, आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आशा नगर मोहन नगर निवासी अमरजीत सिंह ने शिकायत किया था कि अज्ञात ने उनके मकान का ताला तोड़कर हीरे, सोना-चांदी के जेवरात व नगदी रकम पार किया। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। जिसे में संदेही की पहचान की गई। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही उत्तर प्रदेश निवासी रविन्द्र पाल गौतम उर्फ राहुल सागर को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 4500 रुपए के जेवरात जब्त किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।


online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 21,500/-

15 दिन

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव

अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता

04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026

राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007 श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### नेत्रदान कर दिया मानवता का संदेश

**दुर्ग।** खंडेलवाल कॉलोनी निवासी स्व. बिमलाबेन सोनी के निधन के पश्चात उनके परिवार ने मानवता और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। उनके इस दान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आएगी।इस कार्य के लिए उनके पुत्र जितेंद्र सोनी, महेंद्र सोनी, शैलेन्द्र सोनी, बहुएं आरती बेन, वंदना बेन, जुली बेन, पुत्री मनीषा बेन एवं दामाद विमल कुमार ने सहमति प्रदान कर समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश दिया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम, जिसमें डॉ. श्रीया पंजवानी, डॉ. नीलांजना टोप्पो, डॉ. रिंकल अग्रवाल, डॉ. शिवानी ठाकुर एवं नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने सोनी निवास पहुंचकर कॉर्निया संकलित किए। इस भावुक क्षण में शंभू भाई सोनी, विनय स्वर्णकार, प्रणय स्वर्णकार, अनिल जायसवाल, नितिन भाई सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे और नम आंखों से इस कार्य के साक्षी बने।

### समाज की छात्रवृत्ति परीक्षा 30 अगस्त को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पहल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 योजना 3.0 का चतुर्थ संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष समाज द्वारा 2 लाख रुपये से भी अधिक की छात्रवृत्ति राशि, 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी, जिसमें एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग भी शामिल रहेगी। जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बिरेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि ऑनलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त व परीक्षा की तिथि 30 अगस्त व परीक्षा परिणाम की घोषणा 16 सितंबर को की जाएगी। छत्तीसगढ़ में निवासरत जिला के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9 वीं से 12 वीं में अध्ययन करेंगे।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जनगणना की तैयारियों की समीक्षा

# जिले में धान उठाव के लिए 25 तक काटे जाएं डीओ, तेज करें ट्रांसपोर्टिंग

**धान खरीदी के बाद उपार्जन केंद्रों से उठाव बढ़ाने के लिए दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रसोईगैस को लेकर समस्या गहराते जा रही है। उपभोक्ता लगातार इसे लेकर परेशान हैं। लगातार शिकायत के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है।

बुधवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समय सीमा की बैठक इसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि गैस वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी को लेकर खाद्य विभाग टीम बनाकर काम करे, जहां की भी शिकायत मिले, वहां छापामार कार्रवाई की जाए। तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में उन्होंने जनगणना 2027 की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने मकान सूचीकरण ब्लॉक कार्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही इंचार्ज अधिकारियों को सूची में एकरूपता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी अविवादित नामांतरण, बंटवारा और पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी पंचायतों में पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिन पंचायतों में अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां के सचिवों के एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए



### ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए 31 मार्च तक का समय

कलेक्टर ने अधीनस्थ अनुविभाग, ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों और तहसीलों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को ई-एचआरएमएस में ऑनबोर्डिंग के लिए निर्धारित प्रारूप में जानकारी 31 मार्च से पहले सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने को कहा गया। समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में धान उठाव की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। स्मार्ट स्कूल और क्लास को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य किए जाने के लिए कहा।

### गैस वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी पर करें कार्रवाई

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को सभी समितियों से 25 मार्च तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी को एलपीजी गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा सभी विभागों को लंबित बिजली बिलों का जल्द भुगतान करने और निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर संबंधित विभागों को राशि लौटाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बाल देखरेख संस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

कलेक्टर ने 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारी ने अवगत कराया कि आंगनबाड़ी प्रवेश उत्सव के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक 3094 नए बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, आयुक्त राजीव पाण्डेय, सुमित अग्रवाल, दशरथ राजपूत, मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं सिल्ली थॉमस सहित अन्य मौजूद थे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा माह जून में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा लिया जाना संभावित है। उक्त वेबसाइट पर आवेदन करने वाले दुर्ग जिले के अभ्यर्थियों को जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। जो आवेदक निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्राप्त करना चाहते है, वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन के बाद 20 अप्रैल तक गूगल आवेदन कर सकते हैं।

# उपभोक्ताओं को दी गई कानून से जुड़ी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर के वार्ड नंबर 12 में विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम

- उपभोक्ता कानून व अधिकार की दी जानकारी



में दुर्ग उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष संतोष कुमार एवं सदस्य नीलू ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में उपभोक्ता कानून एवं उपभोक्ताओं के अधिकार के संदर्भ में जानकारी दी और बैंक, बीमा, बिल्डर, ऑनलाइन ठगी जैसे अन्य अपराध से बचने उपभोक्ताओं को जागरुक किया। उन्होने ऐसे अपराधों से राहत पाने के लिए किस तरीके से उपभोक्ता आयोग में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, इस संदर्भ में भी जरुरी जानकारी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अजीत वैद्य, अधिवक्ता आरएस यादव, संजय पाठक, इंद्रजीत साहू, ललित कुमार के अलावा वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### खाद्य विभाग ने इस विशेष दिन को भुलाया

खाद्य विभाग ने इस विशेष दिन को ही भुला दिया। अब तक प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले सदस्यों और समाजसेवियों ने बताया कि यह पहला मौका है कि विश्व उपभोक्ता दिवस यानी रविवार को किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। जबकि प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसे लेकर सदस्यो और समाजसेवियों ने आपत्ति भी दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया कि विश्व उपभोक्ता दिवस लोगों को जागरूक करने के लिए आवश्यक है। इस दिन का अपना महत्व है। इसलिए इस दिन कार्यक्रम होने चाहिए।

## गर्मी प्रारंभ होते ही बोरसी में गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गर्मी प्रारंभ होते ही गणपति विहार बोरसी में पीने के पानी का संकट गहरा गया है। कॉलोनी में बिल्डर द्वारा बनाई गई पानी की टंकी से पानी देना बंद कर दिया गया है। उनका कहना है कि कॉलोनी निगम को सौंप दी गई है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम द्वारा न तो उक्त पानी की टंकी का उपयोग किया जा रहा है। न ही पर्याप्त पानी कॉलोनी को सप्लाई की जा रही है।

जितना भी पानी नगर निगम से मिल रहा है, वह



बड़ी संख्या में पंप लगाकर मजबूरी में खींच रहें हैं। विगत दिनों विद्युत सप्लाई मेंटेनेंस के लिए बिजली विभाग ने बंद कर दी थी। उस समय कॉलोनी में पानी खींचनें लगे पंप बंद थे। गणपति विहार के चारों फेस में लगभग 500 मकान हैं। सभी ने महापौर अल्का बाघमार से पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

## शेख रज्जाक बनाए गए सपा के अध्यक्ष, समर्थकों ने जताया आभार

**दुर्ग।** समाजवादी पार्टी ने शेख रज्जाक को पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। शेख रज्जाक के जनहित में किए गए कार्यों एवं उनके संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। शेख रज्जाक की यह नियुक्ति सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश एवं छग प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता की सहमति व दुर्ग जिला



अध्यक्ष कौसर खान की अनुशंसा पर की गई है। इसके अलावा सपा ने बहुरुद्दीन खान को पार्टी का दुर्ग विस अध्यक्ष नियुक्त कर आगामी दिनों में पार्टी के विस्तार का बड़ा संदेश दिया है। वे दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रह चुके हैं। शेख रज्जाक ने रविशंकर स्टेडियम के बाहरी हिस्से में निगम द्वारा संचालित कचरा कलेक्शन सेंटर की अन्यत्र शिफ्टिंग, स्टेडियम का जीर्णोद्धार के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को दोहराया है। आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आभार व्यक्त करने वालों में शिवकुमार बंजारे, तिलक ठाकुर, रज्जू वर्मा, संतोष कुमार, रोशन लाल, अश्वनी कुमार शामिल हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

## लाइव इवेंट

### बैठक में नए भवन को लेकर हुई चर्चा, सदस्यों को सौंपा कार्यभार




**भिलाई।** शीतला माता विकास समिति जुनवानी वार्ड क्रमांक-1, भिलाई जिला- दुर्ग के द्वारा चैत्र नवरात्रि की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जुनवानी के शीतला माता मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बीच नए भवन का निर्माण कार्य, मंदिर में पेंटिंग करवाने, स्वागत द्वार महाभंडारा प्रसादी की व्यवस्था, मंदिर की सजावट जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति के द्वारा ज्योति राशि के लिए फैसला भी किया गया। जिसमें तेल की राशि 801 रु और घी की राशि 1501 रु तय की गई है। चैत्र नवरात्रि गुरुवार को अध्यक्ष प्रदुमन सूर्यवंशी एवं पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा शाम 5 बजे ज्योति प्रज्वलित किया जायेगा। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को विभिन्न कार्यप्रभार सौंपा। समिति के सचिव सतीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में 26 मार्च को महाअष्टमी हवन एवं महाभंडारा का आयोजन रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष प्रदुमन सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष सुरित साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, सचिव सतीश साहू, सहसचिव प्रेम शंकर यादव एवं सदस्य खूब लाल साहू, होरी लाल यादव, डालेश्वर साहू, डॉ. विजय किरनापूरे, मोहन यादव, किशन साहू, कैलाश डांगे, रामानुज ठाकुर, धनेश देशलहरे, रूप नारायण साहू, लल्ला साहू, बैगा महाराज बबला यादव, पंडा राजेश साहू, हरीश यादव और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बासंती दुर्गा पूजा पर हुडको कालीबाड़ी में आज होगी ज्योति कलश स्थापना

**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको में 19 मार्च को ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। संरक्षक श्यामल रॉय और सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने बताया कि इस वर्ष ब्रतारंभ की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पहले यह तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई थी, लेकिन छत्तीसगढ़ के सभी कालीबाड़ी में 19 मार्च को ज्योति कलश स्थापना किए जाने के निर्णय के बाद यहां भी उसी तिथि का पालन किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार 19 मार्च की संध्या को ज्योति कलश स्थापना और दीप प्रज्वलन के साथ नवरात्रि उत्सव की शुरुआत होगी। इसके बाद प्रतिदिन विधि-विधान से पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। बासंती दुर्गा पूजा पूरे पारंपरिक तरीके से संपन्न की जाएगी। सप्तमी, अष्टमी और नवमी की रात्रि में श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद वितरण की व्यवस्था रखी गई है। वहीं 28 मार्च को दशमी पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## लाइव इवेंट

### नवरात्र आज से, सतरूपा शीतला मंदिर में जलेंगे आस्था व श्रद्धा के ज्योत



**दुर्ग।** सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरूपा शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को शुभ मुहूर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। नवरात्रि पर इस वर्ष मंदिर में 1601 की संख्या मे ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। यह मनोकामना ज्योत देश व विदेश के श्रद्धालुओं के नाम प्रज्जवलित होंगे। नवरात्रि पर्व पर सतरुपा शीतला सेवा समिति द्वारा पूरे 9 दिन 19 मार्च से 27 मार्च तक धार्मिक कार्यक्रम के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। मां सतरूपा शीतला और ज्योत के दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर में जुटते है। जिसके चलते मंदिर समिति द्वारा सभी व्यवस्थागत तैयारियां जोर शोर से जारी है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सतरुपा शीतला सेवासमिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के पहले दिन 19 मार्च को शुभ मुहुर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को पंचमी पर कलश चढ़ावा व माता का श्रृंगार, संध्या 4 बजे बाना परधनी, 26 मार्च को महाअष्टमी पर्व पर संध्या 4 बजे हवन-पूजन, संध्या 6 बजे से कन्या पूजन व कन्याभोज एवं 27 मार्च को महानवमी पर्व पर संध्या 4 बजे ज्योत जंवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री साहू ने बताया कि नवरात्रि पर विभिन्न जस गायन मंडलियों द्वारा प्रतिदिन मंदिर में जस गीतो की प्रस्तुति के माध्यम से माता की आराधना की जाएगी। सतरुपा शीतला सेवासमिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में मां शीतला सात रुपों में विराजमान है। जिसके करीब एक स्वयंभू जलकुण्ड का पानी कभी सुखता नहीं है। तैयारियों में सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चम्पा साहू, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, सदस्य भीखम साहू, कृष्णा देशमुख, भारतेंदु गौतम, धनेश सिंह राजपूत,राजेन्द्र शर्मा, ईश्वर अग्रवाल, हेमसिंह ठाकुर, राजेन्द्र चंदेल, राजा ठाकुर, नरेश कुटारे, श्रीधर भजने के अलावा अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

● इस बार पूरे 9 दिनों की नवरात्रि, देवी मां की होगी अलग-अलग स्वरूपों की पूजा

# आज से चैत्र नवरात्र, सज गए माता के दरबार, अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना, गुड़ी पाड़वा और उगादी से नववर्ष शुरू

**चैत्र नवरात्र के साथ आज हिंदू नववर्ष की शुरूआत भी हो जाएगी। इस दिन शहर के देवी मंदिरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ होगी। 9 दिनों तक चलने वाली चैत्र नवरात्रि में अलग-अलग दिन देवी की अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी।**

### सजाए गए मंदिर

इस बार की चैत्र नवरात्रि में माता डोली में सवार होकर आयेगी और हाथी पर वापस जायेंगी। शहर के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के लिए सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, आदि शक्ति मां जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7, मां शारदा मंदिर सेक्टर 1, सत्ती चौरा चंडी मंदिर दुर्ग, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों को रंग-बिरंगी लाईटों व झालरों से सजाया गया है।

### पंडित मंत्रोच्चार कर जलाएंगे ज्योत हिंदू नववर्ष पर होंगे आयोजन

सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर में तेल और घी सहित कुल 1251 मनोकामना ज्योत वहीं कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में हिंदू नववर्ष के दिन गुडी पाड़वा पर्व मनाया जाएगा।

### नवरात्र में होंगे माता रानी के नौ रुपों के दर्शन

नौ दिन तक चलने वाले महोत्सव में माता का दिन में दो बार नये वस्त्र एवं आभूषणों से श्रृंगार होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन आकर माता रानी का नौ दिन के नौ रूपों का दर्शन करते हैं एवं मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस उत्सव को मनाने के लिए गुजराती समाज द्वारा माता रानी के मंदिर एवं समाजिक भवन को रंग बिरंगी फूलों एवं झालरों से सजाया गया है।





### गजानन महाराज गुणगान मंडल मनाएगा गुढ़ी पाड़वा

गजानन महाराज गुणगान मंडल में श्री गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको व दुर्ग में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र से हिंदू नववर्ष की शुरुवात करते हुए रामनवमीं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंडल के सदस्य वसंत कापरे ने बताया कि नवरात्रि चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा से गुढ़ी पाड़वा गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको में मनाया जायेगा। जिसमें आज सुबह 9 बजे गणपति पूजन, पूण्यहवाचन, कलश स्थापना व अभिषेक से धार्मिक आयोजन प्रारंभ होगा। शाम 6 से 8 बजे तक रामायण में व सातों कांड के संदर्भ में प्रवचन किया जायेगा। मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन मंदिर में भजन-कीर्तन व प्रवचन होगा।



### हिन्दू नववर्ष पर आज होगा से. 9 चौक पर विशाल ध्वजारोहण महाआरती संग सामूहिक हनुमान चालीसा का भी होगा पाठ

**भिलाई।** विक्रम संवत हिंदू नववर्ष 2083 के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा आज शाम 4 बजे सेक्टर-9 चौक में विशाल ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा, भव्य महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि हिंदू नववर्ष का यह पर्व सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा और महाआरती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और धर्मप्रेमी बंधुओं को एकजुट कर उत्साह, ऊर्जा और आस्था के साथ नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का उत्सव है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे इस आयोजन में शामिल होकर अपनी ऊर्जा और उत्साह से वातावरण को और अधिक भव्य बनाएं।



## एक मुट्ठी दान प्रभु श्रीराम के नाम, रामनवमी पर बनेगा महाभोग, घर-घर से जुटाया जा रहा चावल

**भिलाई।** रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। राम जन्म उत्सव समिति के संरक्षण एवं समाजसेवी प्रेम प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में एक मुट्ठी दान प्रभु श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 26 मार्च को रामनवमी के दिन महाभोग के रूप में प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। समिति से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल समाज के हर वर्ग को धार्मिक आयोजन से जोड़ने के लिए किया गया है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से एक मुट्ठी चावल का दान एकत्रित कर रहे हैं, जिससे रामनवमी के दिन भव्य महाभोग तैयार किया जाएगा और उसे सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। इस दौरान पार्षद लक्ष्मी साहू, वरिष्ठ नेता



विष्णु पाठक, संजय नायक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से एक मुट्ठी चावल का दान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सरिता सिंह, शांति यादव, गणेश साहू, श्रवण साहू, पुष्पा निर्मलकर सहित अनेक महिलाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने इस पुण्य कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। समिति ने यह भी बताया कि पिछले लगभग 41 वर्षों से क्षेत्र में धार्मिक ध्वज यात्रा की परंपरा निरंतर चली आ रही है। इस वर्ष यह आयोजन और भी भव्य होगा, जिसमें कुल 1144 ध्वज निकाले जाएंगे।

## नशा उन्मूलन को लेकर उरला में जागरुकता अभियान, लोगों को दी जरूरी जानकारी

**दुर्ग।** समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल ने जिला प्रशासन के सहयोग से मलीन बस्ती आईएचएसडीपी कॉलोनी के सामुदायिक भवन उरला में नशामुक्त उन्मूलन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वास्थ्य, परिवार परामर्श व समाज कल्याण विभाग व नशा मुक्ति के लिए काम करने वाली संस्था कल्याणी ने नशा उन्मूलन को लेकर लोगों को जानकारी दी। हंसराज नवयुवक मंडल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्य किया गया, जिसमें परिवार परामर्श केंद्र तथा दुर्ग पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ ही मोहन नगर थाना के पुलिसकर्मियों की भी उपस्थिति रही। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व दुर्ग बघेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम संयोजक जयवर्धन व हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों पूननुलाल सूर्यवंशी, प्रेम चंद्राकर, जया पांडे, देवनारायण भारद्वाज ने विभागों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिले के अन्य वंचित क्षेत्रों में भी ऐसी नेक गतिविधि करने का आव्हान किया।



**ब्रह्माकुमारीज 90 वर्ष नवदशकोत्सव के उपलक्ष्य में मीडिया परिचर्चा**

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अपने 90 वर्ष नवदशकोत्सव के अवसर पर सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में मीडिया परिचर्चा स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी मीडिया सदस्यों को तिलक और कार्ड के बैज दिए गए। जिसमें मैं हल्का रहता हूं और बातों को चित पर नहीं रखता, मैं बच्चा बनकर अपनी हर बात परमात्मा पिता को बताता हूं, जैसे सुंदर स्लोगंस दिए गए। सदस्यों ने बच्चे बनकर विभिन्न आयोजित खेलों का आनंद भी लिया।संस्था की सेवाओं पर आधारित वीडियो दिखाया गया। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने यह कौन आया रोशन हो गई महफिल जैसे गीत पर सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

## नकारात्मक खबरों के प्रभाव से डिटैच होकर कर्म करें खेलों का लिया आनंद और किया राजयोग मेडिटेशन




### नई सतयुगी दुनिया की हुई शुरुआत

मीडिया परिचर्चा में भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना के बारे में बताते हुए कहा कि पाकिस्तान स्थित सिंध से ब्रह्मा बाबा द्वारा परमात्म प्रेरणाओं और नई सतयुगी दुनिया के दिव्य साक्षात्कार के आधार पर इस यज्ञ की शुरुआत 1936 में हुई।

पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने अपने लौकिक बच्चों के होते हुए भी अपनी पूरी संपत्ति को माताओं और बहनों का ट्रस्ट बनाकर सर्वस्व समर्पित किया और इस संस्था की शुरुआत हुई और तब से लेकर आज तक अनवरत अथक रूप से संस्था 140 देशों में 8000 से अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति को निशुल्क रूप से राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक जीवनशैली, तनाव प्रबंधन की सेवाएं दे रही।

बीके आशा ने बताया कि परमात्मा ने अपने विशेष कार्य नई दुनिया की स्थापना के लिए शिव शक्ति, नारी शक्ति बहनों और माताओं को इस कार्य के लिए चुना क्योंकि माताएं और बहने त्याग ईश्वरीय स्नेह से सभी को निस्वार्थ पालना से सींचती है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने सभी मीडिया सदस्यों को अपने प्रतिदिन के कार्य से तथा नकारात्मक खबरों के प्रभाव से न्यारा डिटेच होकर अपना पार्ट निभाने को कहा। उन्होंने उदाहरण में बताया कि यदि पुनीत इस्सर दुर्योधन के रोल से बाहर नहीं निकलता तो सोचिए उनका जीवन कितना नेगेटिविटी से भर जाता, आप सभी मीडिया सदस्य दिन भर नकारात्मक खबरों के बीच में रहते हैं तो थोड़े समय के लिए शरीर से न्यारा होकर परमात्मा स्नेह की छत्रछाया में रहे। इस दौरान उन्होंने सभी मीडिया सदस्यों को गहन राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराई। राजयोग मेडिटेशन की विशेषता बताते हुए कहा कि आप इसे हर कार्य करते हुए भी कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप



### आईसीएफएआई में कॉन्फ्रेंस आज से

**कुम्हारी।** द आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी कुम्हारी के विज्ञान संकाय द्वारा दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च फॉर इनोवेशन एंड सस्टेनेबिलिटी का आयोजन 19 एवं 20 मार्च को किया जा रहा है। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर द्वारा प्रायोजित है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत कवीश्वर महानिदेशक, छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश कुमार खंडाल पूर्व कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ उत्तरप्रदेश होंगे। सम्मेलन में प्रो रामनारायण महापात्रों (अमेरिका), प्रो एरियाना (रोमानिया) तथा प्रो संतोष वर्मा (चीन) भी भाग लेंगे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो एस के पाण्डेय, पूर्व कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ होंगे।

### गौण खनिज राशि जल्द मिलेगी : कीर्ति

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2021-22 की लंबित गौण खनिज अनुदान राशि जल्द ही प्राप्त होने की संभावना है।



इस संबंध में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने राज्य शासन के खनिज साधन विभाग के प्रमुख सचिव पी. दयानंद से मुलाकात कर क्षेत्र की पंचायतों की ओर से अपनी मांग प्रमुखता से रखी। मुलाकात के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने बताया कि पाटन क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में गौण खनिज से संबंधित अनुदान राशि लंबे समय से लंबित है, जिससे पंचायतों में होने वाले विभिन्न विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि पंचायतों के विकास और ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लंबित राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए।
इस पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं खनिज साधन विभाग के प्रमुख सचिव पी. दयानंद ने आश्वासन दिया।

### स्टेट रग्बी चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

**भिलाई।** आगामी स्टेट रग्बी चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयन (ट्रायल) का आयोजन 20 मार्च को किया जाएगा। ट्रायल रिसाली के रावण भाटा मैदान के बाजू में फुटबॉल ग्राउंड में होगा।ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी महिला और पुरुष दोनों की उम्र 18 साल से ऊपर होनी चाहिए। इच्छुक खिलाड़ी सुबह 9 बजे तक तय समय और स्थान पर पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### मीना देवी रुंगटा

**दुर्ग।** गंजपारा निवासी मीनादेवी रुंगटा का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मार्च गुरुवार को दोपहर 3 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. शिवशंकर रुंगटा की पत्नी और मनीष रुंगटा, नितिन रुंगटा की मां थीं।



### जयपाल वर्मा

**भिलाई।** हिंद नगर रिसाली निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी जयपाल वर्मा 76 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया । वे कुंती वर्मा के पति और धनंजय वर्मा व मोनिका के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



## एफएसएनएल संयुक्त संघर्ष समिति ने बीएसपी को हड़ताल का दिया नोटिस

# भारत सरकार के उपक्रम रहे एफएसएनएल का निजीकरण होते ही कर्मियों की बढ़ रहीं मुश्किलें

**बीएसपी में स्केप प्रोसेसिंग व रिसायकिलिंग का ठेका चार भागों में बांटने से श्रमिकों को होगा नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारत सरकार के उपक्रम रहे फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड एफएसएनएल भिलाई के निजीकरण के बाद इस कंपनी और कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। एफएसएनएल के ठेका प्रक्रिया का नियम बदलकर बीएसपी से स्क्रेप उठाने का काम अपने चहेते ठेकेदारों को दिए जाने और इसके साथ ही ठेकेदारों के बदलने से नियमित और ठेका कर्मियों का भविष्य अधर में है। इससे कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। एफएसएनएल संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री को लिखित शिकायत में कर्मियों को राहत और अनियमितता पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र को नोटिस देकर जल्द समाधान नहीं करने पर तीस मार्च को हड़ताल का नोटिस दिया है।

पिछले साल भारत सरकार के उपक्रम रहे एफएसएनएल का निजीकरण के बाद एग्रीमेंट में यह शर्त थी कि ठेकेदार बदलने पर कर्मी और ठेका श्रमिक नहीं बदलेंगे। लेकिन बीएसपी द्वारा स्क्रेप प्रोसेसिंग व रिसायक्लिंग ठेका चार भागों में विभाजित कर टेंडर दिए जाने से एफएसएनएल व कार्यरत कर्मियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। इसके खिलाफ एफएस एनएल यूनियनों ने बी एस पी को 30 से हड़ताल के आह्वान का नोटिस दिया है। एफएसएनएल संघर्ष समिति के संयोजक गजेंद्र सिंह ,राजू लाल श्रेष्ठ और अरुण सिंह सिसोदिया ने बताया कि फेरो स्क्रैप निगम के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों को धोखा देते हुए 750 करोड़ के टेंडर को 4 भागों में बांट कर मज़दूरों को बेरोजगार बनाने और शोषण करने अपने चहेते ठेकेदारों को स्क्रैप उठाने का काम दे दिया गया है।

यूनियन नेता गजेंद्र सिंह ने बताया कि कर्मियों के हितों को देखते हुए केंद्रीय श्रमायुक्त रायपुर ने बीएसपी एफएसएनएल को नोटिस जारी कर 23 मार्च को बैठक बुलाई है।



### सीधा कार्य देने से कंपनी को भी होता था लाभ

सेल की सभी इकाइयों भिलाई,बोकारो,बैजाक़,दुर्गापुर,बर्नपुर और राउलकेला में एफएसएनएल पिछले 46 वर्षों से नॉमिनेशन यानी सीधे कार्य दिया जाता रहा है। इससे कार्य की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार रहित स्क्रैप प्रोसेसिंग और रीसाईकिलिंग का कार्य होता रहा । कार्य सम्बंध सेल को लाभ पहुंचाने वाला रहा है । लेकिन सेल और बीएसपी के कुछ अधिकारियों द्वारा टेंडर 4 भाग में बना कर सूचीबद्ध कराया गया और आधे दामो में न्यूनतम दर पर कार्य आबंटन किया गया है। इस तरह के काम से सेल और देश को भारी क्षती होगी । यूनियन ने कहा कि सेल बीएसपी द्वारा जो अनुमानित कीमत कार्य की 393 करोड़ बनाया गया क्या वो गलत है ? जिन अधिकारियों द्वारा ये इस्टीमेट बनाया गया और जिन अधिकारियों या कमेटी द्वारा अप्रूव किया गया, क्या वो इसके जिम्मेदार है जो कि सरकार, सेल और बीएसपी को घाटा पहुंचाना चाहते हैं। क्या आधे दर में कोई ठेकेदार कैसे काम कर लेगा ट्रांसपोर्टिंग,डीजल,श्रमिकों के वेतन,नई मशीनों का क्रय ,बैंक गारंटी जितना कम दाम है, उसके अनुसार और साथ ही भविष्य निधि, बीमा, बोनस और श्रमिकों की सारे ख़र्च का जस्टीफिकेशन देना होगा ।

### कंपनी बदले पर कर्मचारी स्थाई रहें

यूनियन के मांग किया है कि श्रमिकों और स्थायी श्रमिकों का निविदा में स्पष्ट व्यवस्था का उल्लेख होना चाहिए कि कोई भी कंपनी काम ले उसे अपने इन कर्मचारियों को रखना होगा। वर्तमान वेतन भत्ते यथावत रहेंगे और ठेका श्रमिकों को मासिक वेतन 35 हजार और भत्ता 142 रूपये प्रतिमाह दिया जाए।अगर किसी प्रकार का अप्रिय कदम कोई श्रमिक उठाता है तो जिम्मेदारी बीएसपी प्रबंधन की होगी। कारण बीएसपी मुख्य नियोक्ता है । सभी यूनियनों ने प्रधानमंत्री,सतर्कता आयुक्त और सीबीआई को लिखित शिकायत दस्तावेज़ों के साथ भेजकर मांग की है कि सरकार सख्त कदम उठाए।फेरो स्क्रैप निगम के हड़ताल पर जाने से ब्लास्ट फर्नेस ,स्कार्पिंग कार्य,स्लैग पिट क्लीनिंग रेल मिल एस एम एस 3 का कार्य होगा ठप प्लांट को हो सकता है करोड़ों का नुकसान होगा। एफ एसएनएल संघर्ष समिति के संयोजक गजेंद्र सिंह ,राजू लाल और अरुण सिंह सिसोदिया ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द समाधान नहीं किया गया तो का तो बड़ी हड़ताल होगी।

## इको टूरिज्म पर सेमिनार, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

**जामुल।** डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में इको टूरिज्म विषय पर 16 मार्च सोमवार को सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सतीश सेन सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान शासकीय वी.वाई. टी.पी.जी महाविद्यालय दुर्ग रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। डॉ. सतीश सेन ने अपने व्याख्यान में बताया कि जैव विविधता का संरक्षण और स्थानीय समुदायों को रोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हैं। इसके द्वारा वन्य जीव, वन और सांस्कृतिक अस्मिता को सुरक्षित करते हुए प्रदूषण मुक्त पर्यटन व ज़िम्मेदारी से भ्रमण को बढ़ावा देना हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एस. सिंह ने बताया कि इको टूरिज्म के माध्यम से प्रकृति का संरक्षण करते हुए पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता हैं, ताकि इस क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को रोजगार प्राप्त हो सके तथा वे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त हो सके। कार्यक्रम का सफल संचालन गजेंद्र कश्यप सहायक प्राध्यापक हिंदी के द्वारा किया गया।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में असुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।




### बैंक ऑफ बड़ौदा की नवीन शाखा का शुभारंभ

**भिलाई।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य के अहिवारा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की 219वीं शाखा का शुभारंभ किया। यह नई शाखा क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्थानीय ग्राहकों को आधुनिक, सुलभ एवं विश्वसनीय बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समर्पित है।उद्घाटन रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक की ग्राहक-केन्द्रित सेवाओं एवं डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग क्षेत्र अनंत माधव ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा वर्षों से अपने ग्राहकों के साथ विश्वास और पारदर्शिता का मजबूत संबंध बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि बैंक न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि अपने ग्राहकों के लिए एक सच्चे मित्र एवं सहयोगी के रूप में भी कार्य करता है। दिवाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि बैंक कृषि समुदाय के उत्थान के लिए कृषि ऋण, बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षा ऋण तथा छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा ऋण योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर अहिवारा क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, नंदनी माइंस के महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर, नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, जनपद अध्यक्ष धमधा हेमंत साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### एचपीसीएल पेट्रोल पंप पर वचन पार्लर का शुभारंभ

**भिलाई।** सारडा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के वचन ब्रांड ने भिलाई में अपने पहले वचन पालर की शुरुआत एचपीसीएल पेट्रोल पंप, पावर हाउस चौक में की है। यह पहल वचन और एचपीसीएल के सहयोग से की गई है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को अब पेटोल पप पारसर मं हों ताजा और गणवत्तापणे डयरों उत्पाद उपलब्ध होंगे। उद्घाटन एचपीसीएल के डायरेक्टर जनरल नौतेन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर टोक राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में वचन के उपभोक्ता भी मौजूद थे। इस नई पहल का उद्दश्य लोगों को रोजमर्रा के उपयोग के लिए शुद्ध और ताजा डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराना है। वचन पार्लर में दूध, छाछ, पनी, दही सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध है। ब्रांड द्वारा गुणवत्ता और शुद्धता को सवोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इस सेंटर के खुलने से पावर हाउस चौक के आसपास के लोगों को भरोसेमंद डेयरी उत्पाद मिल सकेगा।



## प्रस्तावित कैनाल रोड की मार्किंग शुरू, लोगों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जुनवानी से आईआईटी भिलाई तक प्रस्तावित कैनाल रोड परियोजना को लेकर स्थानीय निवासियों का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को वार्ड नंबर - 18 के रहवासियों ने परदेसी चौक पर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर मार्ग खाली कराया।

**प्रस्तावित सड़क से बेघर हो जाएंगे लोग:** केनाल रोड पर करीब 2.30 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क 18 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से बनाई जानी है। जो जुनवानी पेट्रोल पंप से खम्हरिया भाठा, खम्हरिया और कुटेलाभाठा होते हुए आईआईटी जेवरा-सिरसा तक जाएगी। इस परियोजना के लिए चौड़ीकरण प्रक्रिया को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।वहीं प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने कहा कि प्रस्तावित सड़क के कारण बड़ी संख्या में घर प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए मकान अब टूटने की कगार पर हैं कई परिवारों में शादी जैसे कार्यक्रम हैं, ऐसे में घर टूटने से वे कहां जाएंगे।

■ प्रभावितों ने कहा बढ़ाकर करवाई जा रही है मार्किंग

### मार्किंग बढ़ाकर करवा रहे

प्रभावितों कहना है कि पहले 15 फीट सड़क बनाने की बात कही गई थी, लेकिन अब 30 से 40 फीट तक की मार्किंग की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 फीट चौड़ी सड़क से किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन अचानक चौड़ाई बढ़ाकर 30-40 फीट करना अनुचित है। इस चौड़ीकरण की वजह से क्षेत्र का दुर्गा मंदिर भी प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि पुराने प्रस्ताव के अनुसार ही सड़क निर्माण किया जाए, ताकि लोगों के आशियाने सुरक्षित रह सकें।

### विद्यार्थियों को कराया नेवता भोजन

**पाटन।** विकासखंड के अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी में शाला प्रबंधन समिति के सम्मानित अध्यक्ष चेतन वर्मा ने अपने जन्मदिन को समाज सेवा के रूप में मनाते हुए विद्यालय के बच्चों के लिए नेवता भोजन का आयोजन किया। श्री वर्मा ने स्वयं बच्चों के बीच पहुंचकर स्नेहपूर्वक भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। विद्यालय के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में आत्मीयता और विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ता है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सभी सम्मानित सदस्य गण सरपंच रजनी कुर्रे एवं पंचगण शिक्षक गण, रसोइया एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।



## अंचल की खबरें

### बायोफ्यूल प्लांट के स्थल को बदलने पर लगी मुहर

**भिलाई।** जामुल-कुरूद क्षेत्र में प्रस्तावित बायोफ्यूल और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट को लेकर चल रहे विवाद पर स्थानीय विधायक रिकेश सेन की बड़ी पहल रंग लाई है। सदन में इस विषय पर हुई चर्चा के उपरांत विधायक रिकेश सेन ने स्वयं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें जनभावनाओं से अवगत कराया, जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उक्त प्लांट को आबादी वाले क्षेत्र से हटा कर किसी निर्जन स्थान पर स्थानांतरित करने पर अपनी सहमति दे दी है। जामुल और कुरूद में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से 130 टन प्रतिदिन क्षमता वाला नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट प्रस्तावित था। इसके लिए 11 दिसंबर 2025 को लीज डीड भी निष्पादित कर दी गई थी। हालांकि, स्थानीय रहवासियों में इस बात को लेकर भारी चिंता थी कि आबादी के इतने पास प्लांट होने से भविष्य में प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। रिकेश सेन ने इस मामले को सदन में प्रमुखता से उठाया। यद्यपि शासकीय उत्तर में पूर्व में स्थल परिवर्तन का कोई विचार नहीं होने की बात कही गई थी किंतु विधायक रिकेश सेन ने हार नहीं मानी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विस्तार से समझाया कि जनहित में इस प्लांट का आबादी से दूर होना क्यों आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने स्थल परिवर्तन की सहमति मिलने पर विधायक रिकेश सेन ने आभार व्यक्त किया है।





### 31 तक संपत्तिकर जमा नहीं किया तो एक हजार जुर्माना



**कुम्हारी।** नगरपालिका में राजस्व विभाग ने संपत्ति सहित अन्य करों की वसूली तेज कर दी है। वहीं बकाया करों का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर दी है। बावजूद इसके अभी भी कई बकायादार करों के भुगतान को लेकर गंभीर नहीं हैं, लिहाजा 31 मार्च के बाद ऐसे बकायादारों को लेकर सख्ती बरतने की तैयारी में है। एक अप्रैल से बकाया करों का भुगतान करने पर पालिका एक हजार रुपए जुर्माना और 6.25 सरचार्ज वसूलेगा , टैक्स जमा करने के लिए सुबह 9 बजे शाम 6 बजे तक काउंटर खुले रखे जा रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय के साथ-साथ वार्ड के प्रमुख स्थानों में भी टैक्स की राशि जमा करने हेतु शिविर लगाए है जहां करदाता कर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा करदाताओं की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा करने के लिए यू पी आई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चेक के माध्यम से टैक्स का भुगतान केवल 18 मार्च तक ही स्वीकार किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने बताया कि नगरवासियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना चाहिए और करों का भुगतान प्रथम प्राथमिकता के रूप में जमा कर निश्चिंत हो जाएं। कई हितग्राहियों को बार बार सूचना देने के बावजूद इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं उन सबके लिए यह अंतिम अवसर है कि वे अपने समस्त करों का भुगतान कर अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करें।

### स्वदेशी मेला में शामिल हुए विधायक ललित



**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में आयोजित स्वदेशी मेला 2026 में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। स्वदेशी उत्पादों का आनंद लेते हुए मेले की विविध गतिविधियों का अवलोकन किया। विधायक ने प्रदर्शित स्टालों का सघन निरीक्षण किया, उद्यमियों-कलाकारों से संवाद कर उनके नवाचारों और उत्पादों की जानकारी ली तथा स्वदेशी को अपनाने के संकल्प को दोहराया। चंद्राकर ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, आत्मनिर्भरता का विचार है। जयंती स्टेडियम का यह मंच हमारे स्थानीय कारीगरों, महिला स्व-सहायता समूहों, स्टार्ट-अप्स और पारंपरिक शिल्पियों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ता है। गुणवत्ता, विविधता और प्रस्तुति देखकर गर्व होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेलों से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है, बल्कि युवा उद्यमियों को मंच, प्रशिक्षण और बाजार भी मिलता है। कार्यक्रम में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, संयोजक अजय भसीन, सह-संयोजक भोजराज सिन्हा, दिव्या भसीन, सरोजिनी पानीग्रही एवं सुमन कनोजिया सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यशाला में दी योजनाओं की जानकारी

**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चरोदा भिलाई 3 निगम के जन प्रतिनिधियों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जन प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने जननीं सुरक्षा योजना और जननी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में बी ई टी ओ सैय्यद असलम ने राष्ट्रीय क्षय रोग ओर कुष्ठ रोग, आयुष चिकित्सक डॉ अर्पिता शर्मा ने आयुष विंग योजनाओं तथा योग चिकित्सक डॉ आकांक्षा मिश्रा ने योग के संबंध शासन की जानकारी साझा की। सैय्यद असलम ने बताया कि कुष्ठ मरीजों की सर्जरी पर 5000 की राशि तथा परिवहन व्यय एंव निशुल्क सर्जरी की व्यवस्था रहती है डॉ कीर्ति तिर्की ने शासन योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में फिरोज फारूखी, विपिन चंद्राकर, तृप्ति आशीष वर्मा, प्रेमलता चंद्राकर, ठामेशवरी साहू, तुषांत वर्मा, संजय यादव, तुलसी ध्रुव, कुसुम लता चंद्राकर, आर विश्वास, निवेश प्रधान, देवेंद्र राजपूत, मनीष स्वर्णकार, विशाल यादव, चम्पा कली सोनी, देवीला चंद्राकर, विधाया कहरे, वर्षा वर्मा, हर्षा मानिकपुरी, सोनसीर देश लहरें, पी स्वामी, वर्षा पांडेय, संध्या वर्मा, नीना चक्रवर्ती, शांता पाटिल, डुलेशवर, नारायण साहू, यशवंत साहू, प्रभात, रेखराम, हिमांशु, के वेंकट राव, नेतराम, पारूल मीरा साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**




व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

# चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



**घटस्थापना**
(कलश स्थापना) मुहूर्त
19 मार्च 2026 (गुरुवार)
शुभ मुहूर्त:
सुबह 6:20 बजे से 10:15 बजे तक (लगभग)
अभिजीत मुहूर्त (वैकल्पिक):
दोपहर 12:05 बजे से 12:55 बजे तक

**हिंदू नववर्ष**
भारतीय संस्कृति और परंपराओं में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह नवसंवत्सर केवल एक नया साल नहीं, बल्कि नई शुरुआत, नव ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक माना जाता है।


तुलसा मार्बल्स
• ब्लैक स्टोन
• ग्रेनाईड • मार्बल
• डिजाईनर कवेलू
• वाल एवं फ्लोर टाईल्स
मनीष शर्मा - मो. : 70000-78070
कुलेश्वर चन्द्राकर - ऑफिस मो. : 93028-39202
पुलगाँव रोड, पोटिया (रिषभ साउथ सिटी के सामने) दुर्ग (छ.ग.)

आप सभी को चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
VEDIKA OPTICALS
SEE THE CLEAR FUTURE
आप सभी का आगमन प्रार्थनीय है..
GURUDWARA ROAD, SUPELA, BHILAI
Mob.: 9826232469, 07884051053

चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष गोलछा
प्रांत अध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद, छत्तीसगढ़

आप सभी को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश मिश्रा
जिला संयोजक
झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ
जिला भाजपा दुर्ग

आप सभी को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
वयम् स्वास्थ्य सुश्रुषा
डॉ. टी.के. पाण्डे एम.डी. मेडिसीन
मधुमेह, हृदय एवं थायराईड विशेषज्ञ
पूर्व संयुक्त निदेशक एवं विभागाध्यक्ष मेडिसिन, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं RMD, कोलकता
मोबा. : 9098704149
Dr Tarun Kumar Pande
• वयम् हॉस्पिटल, सुपेला- प्रातः 10.00 से 12.30 तक
• श्रेयश काम्पलेक्स, सुपेला-दोपहर 1.00 से 2.30 तक
• शुभम् मेडिकल, रिसाली, संध्या- 7.00 से 8.30 तक

आप सभी को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मनमीत सिंह - सचिव, ट्रक एसोसिएशन
गुरदीप सिंग (राजा) - अध्यक्ष, ट्रक एसोसिएशन
सिंगारा सिंग - कोषाध्यक्ष
रेशम सिंग - मैनेजमेंट इंचार्ज

आप सभी को चैत्र नवरात्रि व हिंदु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल दुबे
अध्यक्ष
सोसायटी फार पब्लिक एडवांसमेंट एण्ड न्यूरिशमेंट, दुर्ग

सभी प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
"शक्ति की आराधना, सुख-समृद्धि की साधना- यही है नवरात्रि की भावना।"
श्रीमती आशा सुब्बा
समाजसेवी
भाजपा

आप सभी को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन निर्मलकर - पूर्व संयुक्त सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग, महामंत्री- ब्लॉक धमधा, अध्यक्ष- दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज
श्रीमती सावित्री निर्मलकर - पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत टेकापार

आप सभी को चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डोमनलाल कोर्सेवाड़ा - विधायक, अहिवारा विधानसभा
नटवर ताम्रकार - पूर्व अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद, अहिवारा, उपाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी भिलाई